**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

संख्या- 27 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2020-23/28-परीक्षा/2016

लखनऊ : दिनांक : 17 फरवरी, 2023

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-28-परीक्षा/2016, सम्मिलित अवर अभियंता एवं उप वास्तुविद (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II) के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 2571 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक मा0 आयोग के अनुमोदनोपरान्त दिनांक 21-01-2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था।

सूच्य है कि मा0 आयोग की बैठक दिनांक 15-02-2023 में उक्त चिन्हित 2571 अभ्यर्थियों का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण दिनांक 23-02-2023 से प्रारम्भ किये जाने एवं उक्त की सूचना आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया गया है। तत्क्रम में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-24/05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2020-23/28-परीक्षा/2016, दिनांक 15-02-2023 के माध्यम से उक्त सूचना आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

विज्ञापन संख्या-28-परीक्षा/2016, सम्मिलित अवर अभियंता एवं उप वास्तुविद (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II) के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 2571 अभ्यर्थियों का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में आयोजित किया जाएगा-

| क्र.सं. | तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या (प्रथम पाली- प्रात: 10:00 बजे ) | अभ्यर्थियों की संख्या (द्वितीय पाली- अपराह्न 01:30 बजे ) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23-02-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 2 | 24-02-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 3 | 25-02-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 4 | 27-02-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 5 | 28-02-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 6 | 01-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 7 | 02-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 8 | 03-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 9 | 04-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 10 | 13-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 11 | 14-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 12 | 15-03-2023 | 100 | 100 | 200 |
| 13 | 16-03-2023 | 100 | 71 तथा अनुपस्थित अभ्यर्थी | 171 तथा अनुपस्थित अभ्यर्थी |
| कुल | | | | **2571** |

1

तदनुक्रम में अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के समय समस्त अभ्यर्थियों के सभी शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान/ सत्यापन व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों तथा वरीयता प्रपत्र में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा आयोग को यथासमय दी जाती है तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 16-03-2023 की द्वितीय पाली में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त तिथि के अतिरिक्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

17.02.2023
(विधान जायसवाल)
परीक्षा नियंत्रक/ सचिव।